भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

03.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1916 का उत्तर

निष्क्रिय रेलपथ

1916. डॉ. उमेश जी. जाधव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे ने देश में पुराने और निष्क्रिय रेलपथों की पहचान की है;

(ख) यदि हां, तो कर्नाटक सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे ने ऐसे निष्क्रिय रेलपथों को पुनः बहाल करने का निर्णय लिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और वर्तमान में पुनः बहाल किए गए/किए जा रहे ऐसे रेलपथों की संख्या कितनी है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

mm

निष्क्रिय रेलपथ के संबंध में 03.07.2019 को लोक सभा में डॉ. उमेश जी. जाधव के अतारांकित प्रश्न सं. 1916 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): जी हां। मार्च, 2015 में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, कर्नाटक में कोई चिन्हित पुरानी और खराब रेलवे लाइन नहीं है। बहरहाल, देश में राज्य-वार चिन्हित पुरानें और खराब रेलपथ निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं.	लाइन का नाम	बहाली प्रस्ताव	राज्य
1	पुलगांव-अर्वी	नहीं	महाराष्ट्र
2	जमालपुर-मुंगेर	हां	बिहार
3	अहमदपुर-कटवा	हां	पश्चिम बंगाल
4	बलगोना-कटवा	हां	पश्चिम बंगाल
5	कृष्णानगर-नवद्वीपघाट	हां	पश्चिम बंगाल
6	हज़रतपुर-पालस्थली	नहीं	पश्चिम बंगाल
7	गैनसारी-जरवा	नहीं	उत्तर प्रदेश
8	इज्जतनगर-शाहमतगंज	नहीं	उत्तर प्रदेश
9	मंधना जं.-ब्रहमवर्त	हां	उत्तर प्रदेश
10	सिमुलगुड़ी-नगनीमोरा	नहीं	असम एवं नागालैंड
11	तिरप-लेखपानी	नहीं	असम
12	अमगुरी-तुली	नहीं	असम एवं नागालैंड
13	भांद्रा ऑर्डिनेंस फैक्टरी सहायक साइडिंग	नहीं	महाराष्ट्र
14	वालाजाह रोड-रानीपेट	हां	तमिलनाडु
15	भुज-नलिया	हां	गुजरात
16	उज्जैन-फतेहाबाद	हां	मध्य प्रदेश
17	समनी-जंबूसर -कवि	नहीं	गुजरात
18	दभोई-समालया	हां	गुजरात
19	समालया-तिंबा	हां	गुजरात
20	झागड़िया-नेत्रंग	नहीं	गुजरात
21	छुच्छपुरा-तनखाला	नहीं	गुजरात

mm

(ग) और (घ): जी हां। रेलवे ने खराब रेलपथों (उपरोक्त तालिका में दर्शायी गयी 21 में से 9 लाइनों) को पुनर्स्थापित करने की पहचान की है और पुन:निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए हैं, ऐसी लाइनों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	लाइन का नाम	राज्य	वर्तमान स्थिति
1	जमालपुर-मुंगेर	बिहार	मुंगेर पुल के साथ-साथ कार्य पूरा कर लिया गया है और मार्च, 2016 में इसे यातायात के लिए खोल दिया गया है।
2	अहमदपुर-कटवा	पश्चिम बंगाल	आमान परिवर्तन का कार्य पूरा कर लिया गया है और दिसम्बर, 2017 में इसे यातायात के लिए खोल दिया गया है।
3	बलगोना-कटवा	पश्चिम बंगाल	आमान परिवर्तन का कार्य पूरा कर लिया गया है और दिसम्बर, 2017 में इसे यातायात के लिए खोल दिया गया है।
4	कृष्णानगर-नवद्वीपघाट	पश्चिम बंगाल	2012-13 में रेलवे द्वारा आमान परिवर्तन का कार्य पूरा कर लिया गया है बहरहाल, 41 अप्राधिकृत समपारों के कारण कार्य शुरू नहीं किया गया और इसके आगे का कार्य संरेखण में धार्मिक स्थल होने के कारण व्यवहार्य नहीं है।
5	मंधना जं.-ब्रह्मवर्त	उत्तर प्रदेश	आमान परिवर्तन का कार्य पूरा कर लिया गया है और फरवरी, 2019 में खंड को चालू कर दिया गया है।
6	वालाजाह रोड-रानीपेट	तमिलनाडु	टिंडीवनम-वालाजाह रोड-नागरी नई लाइन परियोजना का खंड भाग है। वालाजाह रोड-रानीपेट का रेलपथ लिंकिंग का कार्य पूरा हो गया है।
7	भुज-नलिया	गुजरात	न्यू भुज से देशलपुर तक 26 किमी खंड बड़ी आमान में परिवर्तित हो गया है।
8	उज्जैन-फतेहाबाद	मध्य प्रदेश	आमान परिवर्तन का कार्य शुरू कर दिया गया है।
9	दभोई-समालया	गुजरात	मियागाम-दभोई-समलया (79 किमी) में आमान परिवर्तन का कार्य शुरू कर दिया गया है।
10	समालया-तिंबा	गुजरात	आमान परिवर्तन का कार्य शुरू कर दिया गया है।

****

mm